जीविका
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
विद्युत भवन - 2, बेली रोड, पटना - 800 021, दूरभाषः +91-612-250 4980, फैक्सः +91-612-250 4960, वेबसाइटः www.brlps.in

Ref NO:- BRLPS/Proj-NF/1661/19/4988 Date- 05.12.2022

प्रेषक,

राहुल कुमार, भा० प्र० से०
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
पटना।

विषय:- दिनांक 15 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2022 गाँधी मैदान, पटना में आयोजित किये जाने वाले क्षेत्रीय सरस मेला के आयोजन के क्रम में मेला में सामान्य सुरक्षा एवं आपातकाल स्थिति प्रबंधन के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय में सूचित करना है कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार की और से जीविका द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2022 तक पटना में बिहार सरस मेला का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से संध्या 8.00 बजे तक किया जाना है। इस सन्दर्भ में जीविका द्वारा मेले के सफल आयोजन हेतु खुली निविदा द्वारा चयनित एक इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी – पिरामीडफैबकॉन इवेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लि. की सेवा ली जा रही है।

उक्त बिहार सरस मेला में सामान्य सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति प्रबंधन के सम्बन्ध में वरीय पुलिस अधीक्षक ,अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पुलिस अधीक्षक यातायात मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प्रमंडलीय अग्निशमन अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रमंडल, भवन प्रमण्डल, पेसू आपदा प्रबंधन विभाग, नगर निगम, पटना को जीविका कार्यालय के स्तर से भी सूचित करते हुए फॉलो अप भी किया जा रहा है।

अनुरोध है कि उक्त के आलोक में सरस मेला में विधि-व्यवस्था एवं मेले के सफल आयोजन हेतु सभी सम्बद्ध विभागों के साथ निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित करने की कृपा की जाए।

1. मुख्य द्वार (प्रवेश एवं निकास) सहित सभी आपातकालीन द्वारों पर दण्डाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में सुरक्षा दल की प्रतिनियुक्ति।
2. विधि-व्यवस्था एवं ट्रैफिक नियंत्रण हेतु पर्याप्त संख्या बल की प्रतिनियुक्ति।
3. सरस मेला परिसर में अग्निशमन दस्ते की प्रतिनियुक्ति।
4. आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था हेतु एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति।
5. मेला परिसर में जलापूर्ति हेतु अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराने के संबंध में।
6. मेला परिसर से संबंधित कचरा उठाव एवं निष्पादन के संबंध में।
7. मेला परिसर एवं आसपास क्षेत्र में वाटर ए.टी.एम. के व्यवस्था के संबंध में।

इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में श्री समीर कुमार, दूरभाष नंबर – 9771478622 जिनसे संपर्क स्थापित कर आयोजन सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

विश्वासभाजन

ह०/-
(राहुल कुमार)

ज्ञापांक: BRLPS/Proj-NF/1661/19/4988 दिनांक 05.12.2022

प्रतिलिपि:

1. प्रमंडलीय अग्निशमन अधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रमंडल,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. अनुमंडल पदाधिकारी, सदर/पुलिस उपाधीक्षक, टाउन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. पुलिस अधीक्षक यातायात, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. पिरामीडफैबकॉन इवेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लि. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(राहुल कुमार)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-
सह-मिशन निदेशक